दिनांक : 20.09.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**प्रधानमंत्री गुजरात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का आह्वान करते हुए कहा कि विदेशों पर भारत की निर्भरता उसके सबसे बड़े दुश्मनों में से एक है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दुनिया के सामने एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में खड़ा हो।

प्रधानमंत्री आज भावनगर में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। भारत को एक समुद्री महाशक्ति बनाने के अपनी सरकार के दृष्टिकोण के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश का लक्ष्य 2047 तक वैश्विक समुद्री व्यापार में अपनी हिस्सेदारी को तीन गुना करना है।

कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने 32 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भर भारत से जाता है।

**जीएसटी सुधार इलेक्ट्रॉनिक्स**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में, देश में कर-व्यवस्था में सुधार की घोषणा की थी ताकि आम जनता पर से आर्थिक बोझ कम हो। नई दरें आगामी सोमवार से लागू हो रही हैं। आज इस क्रम में, हम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षेत्र पर जी.एस.टी. सुधार के संभावित प्रभावों की चर्चा कर रहे हैं।

पोषण माह 2025

पोषण माह 2025 के हिस्से के रूप में और सामुदायिक स्वास्थ्य एवं पोषण को बढ़ावा देने के लिए, प्रदेश के आदिवासी जिलों श्योपुर और मंडला में परामर्श और जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। श्योपुर में, खान-पान की आदतों और मोटापे पर एक सामुदायिक परामर्श सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में संतुलित पोषण के महत्व, मोटापे के खतरों और प्रसंस्कृत व उच्च वसा वाले

खाद्य पदार्थों के सेवन को कम करने की आवश्यकता का उल्लेख किया गया गया। मंडला के आंगनवाड़ी केंद्र में किशोरों के लिए बॉडी मास इंडेक्स के बारे में एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

**मौसम**

प्रदेश में अब हल्की बारिश का दौर चल रहा है। मौसम विभाग ने आज राज्य में बादल छाए रहने और दिनभर गरज-चमक के साथ छिटपुट बारिश होने का अनुमान जताया है। इस बीच कल 10 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। छतरपुर के खजुराहो और बड़वानी के सेंधवा में तेज बारिश का दौर रहा। खजुराहो के रनगुवां बांध के तीन गेट खोल दिए गए। भोपाल के भदभदा डैम का एक गेट फिर से खोला गया। इस सीजन में चार बार गेट खुल चुके हैं।

**समाचार संक्षेप में** .....

- आगरमालवा नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत आज नगर में अमानक सिंगल यूज पॉलिथीन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 31 किलो 200 ग्राम सिंगल यूज पॉलिथीन जब्त की गई
- एशिया कप क्रिकेट में, आज सुपर फोर चरण की शुरुआत हो रही है। आज दुबई में श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मुकाबला होगा। भारत कल पाकिस्तान के साथ खेलेगा।

---------------